आर्य समाज सान्ताक्रुज़ विठ्ठलभाई पटेल मार्ग (लिंकिंग रोड), सान्ताक्रुज़ (प.), मुम्बई-४०० ०५४
ARYA SAMAJ SANTACRUZ V. P. Road (Linking Rd.,), Santacruz (W), Mumbai-400 054.
✆:2660 2800 / 2293 1518 **Telefax** : 2660 2075 **e-mail** : *aryasamajsantacruz@hotmail.com*

दि. 23. 09. 2013

श्रीमान सम्पादक जी

सादर नमस्ते।

कृपया निम्न लिखित समाचार को आप अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।

सधन्यवाद।

भवदीय

(संगीत आर्य)
महामन्त्री

---

**प्रकाशनार्थ – समाचार**

# आर्य समाज सान्ताक्रुज़ में वेद प्रचार समारोह सम्पन्न

आर्य समाज सान्ताक्रुज़ (प.) मुम्बई द्वारा गुरुवार दि. 19 सितम्बर से रविवार दि. 22 सितम्बर, 2013 तक आर्य समाज सान्ताक्रुज के वृहद सभागार में वेद प्रचार समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिदिन सायं 6.30 से 9.30 बजे तक "चतुर्वेद शतक पारायण यज्ञ" तथा भजन, प्रवचन का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा प्रो. विनय विद्यालंकार जी (उत्तराखण्ड) तथा विशेष वक्ता के रूप में सुप्रसिद्ध वैदिक विद्वान् प्रो. विनय विद्यालंकार जी (उत्तराखण्ड) थे। यज्ञ में वेदपाठी ब्राहमचारी – गुरूकुल वैदिक संस्कृत महाविद्यालय रामलिंग – येडशि तथा ब्राह्मणवृन्द पं.नामदेव आर्य, पं. विनोद कुमार शास्त्री, पं. नरेन्द्र शास्त्री एव पं. प्रभारंजन पाठक थे।

इसी क्रम में रविवार दि. 22 सितम्बर, 2013 को चार दिवसीय चतुर्वेद शतक पारायण यज्ञ की पूर्णाहुति प्रातः 9.30 बजे हुई। प्रातःराश के पश्चात् 10.00 बजे से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। तद्नन्तर सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक श्री प्रभाकर शर्मा एवं कुमार योगेश आर्य ने प्रभु भक्ति एवं स्वामी दयानन्द पर आधारित सुन्दर गीत प्रस्तुत किये। प्रो. विनय विद्यालंकार जी ने वेद मंत्रो की सुदंर व्याख्या करते हुए तर्को प्रमाणो तथ्यों उदाहरणों से श्रोताओं लाभान्वित किया। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने वेद का प्रचार प्रसार किया था तथा आर्य समाज की स्थापना भी इसी उद्देश्य की थी अतः हम सबको वेदों का सार्वजनिक प्रचार प्रसार करना होगा। ईश्वर एक हैं उसी एक शुद्धतम ईश्वर की उपासना करके ही लोग कष्टों से मुक्त हो सकेंगे। आप के वैदिक सिद्धान्तों से ओत – प्रोत सारगर्भित, प्रेरणादायक प्रवचन हुए। इस अवसर पर उत्तराखण्ड में आयी प्राकृतिक आपदा के सहायतार्थ अब तक एकल किये गये रू तीन लाख का चैक उत्तराखण्ड आर्य प्रतिनिधि सभा के नाम दिया गया।

आर्य समाज सान्ताक्रुज़ के प्रधान श्री चन्द्रगुप्त आर्य तथा श्री लालचन्द आर्य आमंत्रित अतिथिओं का माल्यार्पण कर अभिनन्दर किया। प्रधान जी ने सभी उपस्थित विद्वानों, अतिथियों,श्रोताओं एवं कार्यकत्ताओं तथा सहयोगियों एवं दानदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। महामन्त्री श्री संगीत आर्य ने सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया। शान्तिपाठ एवं जयघोष के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ततपश्चात सभी ने प्रीति भोज का आनन्द लिया।

**सबकी उन्नति में स्वयं की उन्नति**
**शारीरिक, आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति**